B.A. - I                Pol. Sc.
Paper - II

## Comparative Government and Politics

प्रश्न :— अमेरिकी सीनेट का स्वीस राज्य-परिषद तथा फ्रेंच सीनेट के साथ तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

अमेरिकी सीनेट की स्वीस राज्य-परिषद से तुलना :— स्विट्जरलैण्ड के उच्च सदन "राज्य-परिषद" तथा अमेरिकी उच्च सदन सीनेट की तुलना नि० लि० प्रकार से की जा सकती है।

1. रचना के आधार पर :— स्विस राज्य-परिषद में कैन्टनों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है चाहे उनकी जनसंख्या व क्षेत्रफल में भिन्नता हो। प्रत्येक कैन्टनों को राज्य-परिषद में दो प्रतिनिधि भेजने का अधिकार है। परिषद के कुल सदस्यों की संख्या 44 है। अमेरिकी सीनेट में भी सभी इकाइयों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है तथा प्रत्येक इकाई (राज्य) से सीनेट में दो सदस्य भेजे जाते हैं। सीनेट की कुल सदस्यों की संख्या 100 है।

स्विट्जरलैण्ड संविधान में "राज्य-परिषद" के सदस्यों की चुनाव विधि को कैन्टनों की इच्छा पर छोड़ दिया गया है तथा सदस्यों का कार्यकाल भी कैन्टनों की इच्छा पर निर्भर है। इसके विपरीत अमेरिकी सीनेट के सदस्यों का प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन होता है। यह एक स्थायी सदन है, और जिसके सदस्य छः वर्ष के लिए निर्वाचित किये जाते हैं तथा प्रति दो वर्ष पर एकतिहाई सदस्य अवकाश ग्रहण करते हैं।

स्वीस राज्य-परिषद का अध्यक्ष परिषद के सदस्यों द्वारा ही एक वर्ष के लिए निर्वाचित किया जाता है, अमेरिकी सीनेट का सभापति अमेरीका का उप-राष्ट्रपति होता है। उप-राष्ट्रपति सीनेट का पदेन सभापति होता है।

2. शक्तियों व अधिकारों के आधार पर :— स्वीस राज्य-परिषद को वे सभी शक्तियाँ प्राप्त हैं जो निम्न सदन राष्ट्रीय परिषद को प्राप्त हैं। यहाँ तक की

Scanned with CamScanner

वित्तीय क्षेत्र में भी दोनों सदनों की शक्तियाँ समान है किन्तु व्यवहार में राज्य-परिषद की शक्तियाँ कुछ कम है।

अमेरिकी सीनेट को भी निम्न सदन प्रतिनिधि सभा के समान शक्तियाँ प्राप्त है, इसके अतिरिक्त भी इसे कुछ कतिपय शक्तियाँ प्राप्त है जैसे- राष्ट्रपति के द्वारा की गई नियुक्तियों की पुष्टि संधियों का अनुसमर्थन, महाभियोग के बारे में न्यायिक जाँच आदि। इस प्रकार अमेरिकी सीनेट स्विस राज्य-परिषद से अधिक शक्तिशाली है।

## अमेरिकी सीनेट की फ्रेंच (French) सीनेट से तुलना

1. रचना या गठन के आधार पर :— जिसे पहले गणतंत्र परिषद कहा जाता था, अब उसका नाम सीनेट हो गया है। पंचम गणतंत्र में सीनेट के सदस्यों की संख्या 321 है। जब की अमेरिकी सीनेट के सदस्यों की संख्या 100 है। फ्रेंच सीनेट के सदस्यों का कार्यकाल 9 वर्ष के लिए तथा अमेरिकी सीनेट का कार्यकाल 6 वर्ष के लिए निर्धारित है। फ्रेंच सीनेट के सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से तथा अमेरिकी सीनेट के सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होता है।

2. शक्तियों और अधिकारों के आधार पर :— शक्तियों के आधार पर दोनों सदनों की तुलना निम्नलिखित दृष्टिकोण से की जा सकती है।

(क) विधायी रूप में :— वित्तीय विधेयक के संबंध में अमेरिकी सीनेट फ्रेंच सीनेट से अधिक शक्तिशाली है। यद्यपि वित्त विधेयक फ्रेंच तथा अमेरिकी सीनेट में प्रस्तावित नहीं किये जाते है लेकिन अमेरिकी सीनेट को वित्त विधेयक में परिवर्तन, संशोधन व उसे अस्वीकृत करने का अधिकार प्राप्त है जबकि फ्रेंच सीनेट को ऐसा कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं है।

Scanned with CamScanner

साधारण विधेयक के संबंध में अमेरीका व फ्रांस की संवैधानिक स्थिति लगभग समान है। साधारण विधेयक फ्रांसीसी संसद के किसी भी सदन में प्रस्तावित किए जा सकते है तथा दोनों सदनों में मतभेद की स्थिति में "संयुक्त समिति" का प्रावधान है। अमेरीका में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है। अन्तर मात्र इतना है कि फ्रांस में संयुक्त समिति के असफल रहने पर राष्ट्रीय सभा उस विधेयक के संबंध में निर्णय दे सकती है, जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति में विधेयक गिर जाता है इस दृष्टि से फ्रेंच सीनेट अमेरिकी सीनेट की अपेक्षा निर्बल है।

(ख) कार्यपालिका के क्षेत्र में:— फ्रांस की मंत्रिपरिषद राष्ट्रीय सभा के प्रति उत्तरदायी है सीनेट के प्रति नहीं। अमेरिका में अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली होने कारण कार्यपालिका किसी भी सदन के प्रति उत्तरदायी नहीं है लेकिन अमेरिकी सीनेट को कार्यपालिका के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शक्तियाँ प्रदान की गई है। उदाहरणार्थ राष्ट्रपति के द्वारा की गई नियुक्तियों व संधियों को स्वीकृति प्रदान करना तथा अन्वेषण समितियों द्वारा प्रशासकीय कार्यों की जाँच पड़ताल करना आदि। इसके विपरीत फ्रांसीसी संसद को नियुक्तियों, सन्धियों एवं छानबीन के संबंध में इतनी व्यापक शक्तियाँ प्राप्त नहीं हैं। निश्चित रूप में कार्यपालिका के क्षेत्र में अमेरिकी सीनेट को फ्रेंच सीनेट से अधिक शक्तियाँ प्राप्त है।

(ग) न्यायपालिका के क्षेत्र में:— महाभियोग के संबंध में फ्रेंच सीनेट और अमेरिकी सीनेट दोनों शक्ति प्राप्त है। किन्तु अमेरिकी सीनेट इस संबंध में न्यायालय की भूमिका निभाती है, जबकि फ्रांस में महाभियोग का प्रस्ताव दोनों सदनों के द्वारा पृथक-पृथक पारित कराने के पश्चात दोषारोपण की

akshar
Date
Page
Note Book

औंच न्यायालय के द्वारा की जाती है।

अतः अन्त में निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि फ्रांस के पंचम गणतंत्र की सीनेट को अत्याधिक शक्तियाँ प्राप्त हैं किन्तु उसे किसी भी प्रकार से अमेरिकी सीनेट के समकक्ष नहीं कहा जा सकता इसी प्रकार स्वीस राज्य-परिषद को भी अत्याधिक शक्तियाँ प्राप्त हैं लेकिन अमेरिकी सीनेट स्वीस राज्य-परिषद से अधिक शक्तिशाली है।

Scanned with CamScanner